This question paper contains 4 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

6050

B.Com. (H) / II A

Paper XV – HINDI (A) हिन्दी (क)

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिन्दी)

समय : 2 घण्टे **पूर्णांक : 50**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

नोट : इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी.कॉम. (ऑनर्स) में प्रवेश-प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा ।

1. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

दर्भ का आसन और भोजन का पात्र माटी
दो ये जो वस्तुएँ थीं पास में अशोक के
राजा के योग्य नहीं वैसे ये होने को
किन्तु योग्य सर्वथा हैं दोनों ही लोक के;
और हर राजा का लोकाभिमुख होना ही
उसकी महत्ता है कदाचित् सबसे बड़ी ।

अथवा

अंत हर निर्माण का क्या नाश में है;
सोचने वाला सदा
सिद्धार्थ की ही नियति का है ?
छोड़ना ही चरम परिणति क्या
हमारे जोड़ने की ?
और परिणति शून्य ही क्या
है नहीं हर छोड़ने की ?
शून्य से उत्पन्न यह संसार
सार्थक है सदा क्या शून्यता में ही समाकर ?
शून्यता से अलग
या अतिरिक्त जीवन-मय दिशा
क्या नहीं कोई कहीं इसकी ? 5

(ख) एक कर्तव्य मेरे पिता का, एक कर्तव्य मुनिकुमार गालव का; दोनों के कर्तव्य मेरे माध्यम से पूरे हो रहे हैं । फिर मैं दुर्बल हूँ, कर्तव्यपरायण वही हैं । पिता ने मुझे सौंपकर अपना कर्तव्य निभा दिया और मुनिकुमार ने घोड़े बटोरकर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया । एक दानवीर बन गया, दूसरा आदर्श शिष्य । और माधवी ? मोह की मारी माधवी कर्तव्य से गिर गई । वह किसी बड़े काम का दायित्व वहन नहीं कर सकती । यही ना ।

अथवा

मैं तुम्हारे लिए केवल निमित्त मात्र थी । जब तुम मेरे सामने अनुनय-विनय कर रहे थे तब भी तुम झूठ बोल रहे थे । तुमने केवल एक ही व्यक्ति से प्रेम किया है और वह अपने आप से । पर मैं तुम्हें पहचानते हुए भी नहीं पहचान पायी । मैं सारा वक्त यही समझती रही कि गालव सच्ची साधना और निष्ठावाला व्यक्ति है । तुम भी गुरुजनों जैसे ही निकले, गालव । 5

2. 'कालजयी' का कथासार अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

"अशोक के हृदय-परिवर्तन का कारण कलिंग का युद्ध था ।" – इस कथन की समीक्षा कीजिए । 8

3. 'माधवी' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

गालव का चरित्र-चित्रण कीजिए । 7

4. 'विराटा की पद्मिनी' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए :

(i) अलीमर्दान ने मंदिर को तोड़ने से मना क्यों किया ?

अथवा

नायकसिंह कहाँ के राजा थे ? 2

(ii) मंदिर में पूजा के बाद कुमुद ने कुंजरसिंह को क्या दिया ?

अथवा

उपन्यास की नायिका की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 3

5. मानक भाषा पर टिप्पणी लिखिए ।

अथवा

लिपि के मानकीकरण से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए । 5

6. पल्लवन से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

व्यावसायिक-पत्र की विशेषताएँ लिखिए । 5

7. किसी एक विषय पर **250** शब्दों में निबंध लिखिए : 5

(i) विकीलीक्स का खुलासा ।

(ii) ओबामा की भारत-यात्रा ।

(iii) पर्यावरण और हम ।

(iv) मॉल-संस्कृति ।

8. शब्दकोश कितने प्रकार के होते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

किन्हीं **पाँच** शब्दों के हिन्दी-प्रतिरूप लिखिए :

Authority, Attestation, Postponement, Notification, Honorarium, Joining Report, Ex-officio, Initials. 5